राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल से भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 9 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में हरीशचन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक श्री हेमंत कुमार गेरा के नेतृत्व में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में जूबा, दक्षिण सूडान में भारतीय राजदूत श्री विष्णु कुमार शर्मा, विदेश मंत्रालय में निदेशक श्री मदन लाल रैगर, आस्ट्रेलिया में उप उच्चायुक्त श्री सुनीत मेहता और क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, जयपुर श्रीमती नीतू मेहरडा भागोतिया शामिल थे।

.......